आकाशवाणी शिमला

18.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

'' मुख्य समाचार''

- प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र का दूसरा चरण शिमला में शुरू– सेवा विस्तार पर चल रहे ओडीआई सूची में शामिल अधिकारियों व कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त करेगी सरकार।
- उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा–घाटे के रूटों पर बसें नहीं चलाएगा एच.आर.टीसी.।
- राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान प्रदेश के कर्ज और आरडीजी के मुद्दे पर सत्ता पक्ष व विपक्ष ने लगाए आरोप प्रत्यारोप।
- चैत्र नवरात्र कल से–प्रदेश के सभी शक्तिपीठों व अन्य मंदिरों में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध।
- प्रदेश के ऊँचाई वाले इलाकों में बर्फबारी व निचले क्षेत्रों में वर्षा से ठंड का प्रकोप बढ़ा।

प्रश्नकाल

14वीं विधानसभा के बजट सत्र का दूसरा चरण आज से शिमला में शुरू हो गया है। आगामी दो अप्रैल तक चलने वाले इस चरण में सदन की कुल 13 बैठकें होंगी। बजट सत्र के दूसरे चरण के पहले दिन विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार ने संवेदनशील पदों से छुट्टी कर दी है। विधायक सतपाल सिंह सत्ती के मूल सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि संवेदनशील पदों पर सेवा विस्तार के बाद तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों की सेवाएं भी सरकार तुरंत प्रभाव से समाप्त करने जा रही है। विधायक सुधीर शर्मा के एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते तीन वर्षों में प्रदेश सरकार ने विभिन्न मामलों की जांच के लिए कुल दस जांच समितियां गठित की। विधायक डीएस ठाकुर के सवाल के जवाब में उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि एच.आर.टी.सी. घाटे के रूटों पर बसें नहीं चलाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्राकृतिक आपदाओं से सड़कों को हुए नुकसान के कारण कई बस रूट बंद कर दिए गए हैं और इन सड़कों के ठीक हो जाने पर इन सड़कों पर फिर से बस सेवाएं शुरू कर दी जाएगी।

अग्निहोत्री ने कहा कि परिवहन निगम के बेड़े में जो बसें 9 लाख किलोमीटर या 15 साल की उम्र पार कर चुकी है उन्हें बेड़े से हटा दिया जाएगा। बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने सेब बेल्ट को एक क्षेत्र तक सीमित नहीं रखा है और राज्य के सभी जिलों में एक समान रूप से बागवानी से जुड़ी सभी केंद्रीय और राज्य प्रायोजित योजनाओं को बिना भेदभाव के लागू किया जा रहा है। विधायक हंसराज के मूल प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि बागवानी विभाग पूरे प्रदेश में सेब की बागवानी को सम्मान रूप से बढ़ावा दे रहा है। विधायक किशोरी लाल के एक सवाल के जवाब में लोक

निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि होली–उतराला सड़क के निर्माण के लिए सरकार गंभीर है। उन्होंने कहा कि 71 किलोमीटर लंबी इस सड़क के दोनों छोर का काम नाबार्ड के तहत किया जा रहा है जबकि बीच के कुछ हिस्से का काम सरकार अपने बजट से कर रही है। उन्होंने कहा कि इस सड़क के तीसरे चरण का काम नाबार्ड के तहत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब तक नाबार्ड से तीसरे चरण की मंजूरी नहीं मिल जाती तब तक सरकार अपने बजट से इस सड़क का निर्माण कार्य आगे बढ़ाएगी।

धन्यवाद प्रस्ताव

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि पूर्व भाजपा सरकार को आरडीजी और जीएसटी मुआवजे के रूप में केंद्र से 70 हजार करोड़ की राशि मिली, लेकिन भाजपा ने प्रदेश पर चढ़े कर्ज को कम करने का कोई प्रयास नहीं किया। इसके विपरीत जब भाजपा सत्ता से बाहर गई तो प्रदेश पर 76 हजार करोड़ रुपये का कर्ज छोड़ कर चली गई। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता–––

प्रदेश विधानसभा में राज्यपाल द्वारा बजट सत्र के पहले दिन दिए गए अभिभाषण पर आज सत्तापक्ष द्वारा लाए गए धन्यावाद प्रस्ताव पर शुरू हुई। चर्चा में भाग लेते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने

पूर्व भाजपा सरकार पर प्रदेश को कर्ज के बोझ तले दबाने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आरडीजी हिमाचल के लोगों का हक है, लेकिन भाजपा इसे बहाल करने में कोई मदद नहीं कर रही है। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर पलटवार करते हुए कहा कि राज्यपाल का पद एक संवैधानिक पद है और उसे भाजपा को राजनीति में नहीं घसीटना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा राज्यपाल के सहारे चुनाव जितना चाहती है लेकिन इसके बावजूद भी उसे जीत नहीं मिलेगी। इससे पहले नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि भाजपा ने अपने शासनकाल में लोगों की मांग और भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए संस्थान खोले लेकिन मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सत्ता में आते ही 2 हजार सरकारी संस्थानों को बंद कर दिया। यही नहीं प्रदेश के लाखों लोगों के लिए वरदान बनी हिमकेयर और सहारा जैसी योजनाओं को भी मुख्यमंत्री ने नहीं बख्शा और अब यह योजनाएं लगभग बंद हो गई है। जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री पर सदन को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कहा कि वास्तव में सरकार के चौथे साल में भी मुख्यमंत्री के पास उपलब्धियों के नाम पर गिनाने के लिए चार योजनाएं भी नहीं है। यही कारण है कि राज्यपाल के अभिभाषण में सरकार अपनी एक भी उपलब्धि का जिक्र नहीं कर पाई। इससे पूर्व कांग्रेस के सुरेश कुमार ने सदन में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यावाद प्रस्ताव पेश करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार को अपने तीन साल के कार्यकाल में प्राकृतिक, राजनीति और आर्थिक जैसी तीन–तीन आपदाओं का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद सरकार ने सफलतापूर्वक सत्ता में तीन साल पूरे किए हैं। चर्चा में विधायक कुलदीप सिंह राठौर, राम कुमार, सुदर्शन बबलू, प्रकाश राणा, जीत राम कटवाल, किशोरी लाल, रणवीर निक्का, नीरज नैय्यर और दीप राज ने भी हिस्सा लिया।

जयराम ठाकुर

विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे चरण के पहले दिन ही आज विपक्ष ने अपने तीखे तेवर दिखाए और सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले विधानसभा के बाहर नारेबाजी की।

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के नेतृत्व में भाजपा विधायकों ने मुख्यमंत्री द्वारा झूठ बोले जाने के ख़िलाफ़ नियम 75 के तहत विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया को प्रिविलेज मोशन का नोटिस देकर कार्रवाई की मांग की। जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री तीन साल से सदन के भीतर और बाहर बार–बार झूठ ही बोल रहे हैं जो सदन की गरिमा के खिलाफ है।

<u>नवरात्र</u>

चैत्र नवरात्र कल 19 मार्च से शुरू हो रहे हैं और इसी दिन हिन्दू नववर्ष भी प्रारंभ होगा। नवरात्र को देखते हुए प्रदेश के सभी  शक्तिपीठों सहित मां दुर्गा के अन्य ऐतिहासिक मंदिरों में विशेष हवन यज्ञ के आयोजन की तैयारियां की गई हैं और मंदिरों को रंग–बिरंगे फूलों से शानदार ढंग से सजाया गया है। कांगड़ा, ऊना और बिलासपुर ज़िलों में स्थित मां दुर्गा के 5 शक्तिपीठों चामुण्डा देवी, बज्रेश्वरी देवी व ज्वालामुखी, चिंतपूर्णी और नयना देवी में श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए गए हैं। कांगड़ा के एएसपी वीर बहादुर ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर मंदिरों के आसपास अतिरिक्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है।

<u>मौसम</u>

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाए रहे और शाम के समय ऊँचाई वाले क्षेत्रों में फिर से रूक–रूक कर बर्फबारी का क्रम शुरू हो गया है। राज्य के अन्य क्षेत्रों में हल्की वर्षा का हो रही है जिससे ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। लाहौल–स्पिति जिले में 19 व 20 मार्च को बर्फबारी की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने लोगों को अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी है। मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार ने कहा है कि आगामी दो दिन प्रदेश के अधिक ऊँचाई वाले इलाकों में कुछ स्थानों पर बर्फबारी की संभावना है जबकि निचले मैदानी क्षेत्रों में तेज हवाओं के साथ वर्षा और ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

<u>' मुख्य समाचार एक बार फिर''</u>

- प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र का दूसरा चरण शिमला में शुरू– सेवा विस्तार पर चल रहे ओडीआई सूची में शामिल अधिकारियों व कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त करेगी सरकार।
- उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा–घाटे के रूटों पर बसें नहीं चलाएगा एच.आर.टीसी.।
- राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान प्रदेश के कर्ज और आरडीजी के मुद्दे पर सत्ता पक्ष व विपक्ष ने लगाए आरोप प्रत्यारोप।
- चैत्र नवरात्र कल से–प्रदेश के सभी शक्तिपीठों व अन्य मंदिरों में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध।
- प्रदेश के ऊँचाई वाले इलाकों में बर्फबारी व निचले क्षेत्रों में वर्षा से ठंड का प्रकोप बढ़ा।